www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan




# अगले साल 26 हजार पदों पर भर्ती होगी : सीएम शर्मा

**हर साल हिंदू नववर्ष पर मनाया जाएगा राजस्थान दिवस**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में घोषणा की है कि अगले वित्तीय वर्ष में 26 हजार पदों पर घोषणा की जाएगी। इसमें शिक्षक, वन विभाग के कर्मचारी, पुलिस सहित अन्य विभागों के पद शामिल हैं। वहीं, अब हर साल 30 मार्च की जगह हिंदू नववर्ष पर राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही 19 फरवरी को पेश किया गया बजट विधानसभा में पास हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा- शेखावाटी में यमुना का पानी लाने के लिए 5 मार्च को हरियाणा सरकार द्वारा संयुक्त डीपीआर तैयार करने के लिए टास्क फोर्स का गठन कर दिया गया है और वह पेपर मेरे पास है। सीएम ने दौसा और बालोतरा में नगर विकास न्यास(यूआईटी) बनाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राइजिंग राजस्थान निवेश आकर्षित करने के लिए किया। विपक्षी साथी इस पर सवाल उठाते हैं।

## मुख्यमंत्री शर्मा की अन्य घोषणाएं

- हर विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ की सड़क बनेगी, इसमें 5 करोड़ रुपए की मिसिंग लिंक सड़कें बनेंगी। जीरो एक्सीडेंट जोन चिन्हित किए, हाईवे के किनारे ड्राइवर के लिए विश्राम स्थल बनेंगे।
- 10 ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 2000 नए परमिट जारी किए जाएंगे।
- 30 मार्च को राजस्थान दिवस का व्यापक स्तर पर आयोजन करने के लिए 25 करोड़ की घोषणा।
- जयपुर में जोधपुर आईआईटी का कैंपस खोलने का प्रयास किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान शुरू किया जाएगा।

# फरवरी में रिटेल महंगाई घटकर 3.61% पर आई

**7 महीने में सबसे कम, सब्जियां-दालें सस्ती; जनवरी में महंगाई 4.31% पर थी**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दाल और सब्जियां सस्ती होने से फरवरी में रिटेल महंगाई दर घटकर 3.61% पर आ गई है। ये महंगाई का 7 महीने का निचला स्तर है। जुलाई 2024 में महंगाई 3.54% पर थी। वहीं जनवरी 2025 में महंगाई 4.31% थी। सांख्यिकी मंत्रालय ने आज 12 मार्च को महंगाई के आंकड़े जारी किए। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है।




**अवकाश की सूचना**

सभी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
13 मार्च और 14 मार्च को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 16 मार्च को प्रकाशित होगा

-सम्पादक









# इंडियन प्लम्बिंग एसोसिएशन जयपुर चैप्टर द्वारा विश्व प्लम्बिंग दिवस के अवसर पर प्लंबर्स को श्रेष्ठ प्लम्बर सम्मान से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** बुधवार को विश्व प्लम्बिंग दिवस के मौके पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर इंडियन प्लम्बिंग एसोसिएशन जयपुर चैप्टर द्वारा समारोह आयोजित किया जिसमे अच्छा कार्य करने वाले प्लम्बर्स को श्रेष्ठ प्लम्बर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इंडियन इंस्टीट्यूट आफ़ आर्किटेक्ट राजस्थान चैप्टर चेयरमैन आर्किटेक्ट तुषार सोगानी और इंडियन इंस्टीट्यूट आफ़ इंटीरियर डिजाइनर्स जयपुर रिजिनल चैप्टर चेयरमैन आर्किटेक्ट आशीष काला ने अपने अपने अनुभव और विचार व्यक्त किये। इंडियन प्लम्बिंग एसोसिएशन जयपुर चैप्टर चेयरमैन सुधीर माथुर ने विश्व प्लम्बिंग दिवस के बारें में सभी प्लंबर्स को जानकारी तथा कई महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां प्रदान की और उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने पर बधाई भी दी। कार्यक्रम के संयोजक जी पी शर्मा ने सभी को विश्व प्लम्बिंग दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित की और विश्व प्लम्बिंग दिवस के बारे में प्रकाश डाला और उन्होंने सभी प्लंबर्स से क्वालिटी कार्य के द्वारा पानी तथा ऊर्जा बचाने व पर्यावरण संरक्षण की भी सलाह दी। कार्यक्रम की प्रवक्ता डॉ.सुदीप्ति अरोड़ा द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में प्लंबिंग का महत्व विषय पर व्याख्यान दिया गया और उन्होंने अपने द्वारा किये गये जल और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का डिजिटल प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन द्वारा पंद्रह प्लंबर्स को अपने अपने क्षेत्र में किये गये कार्यों के लिए श्रेष्ठ प्लंबर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के स्पॉन्सर कोहलर बाय मंगल सेल्स कॉरपोरेशन द्वारा तकनीकी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया और प्रोडक्ट की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ऐसोसिएशन के वाईस चेयरमैन कमल जैरामानी, एनईसी नवीन शर्मा तथा पूर्व चेयरमैन और कई पदाधिकारियों सहित सदस्य उपस्थित थे । इसके अलावा जयपुर और आसपास के क्षेत्रों से आये हुये लगभग 175 प्लंबर्स भी इस कार्यक्रम का हिस्सा रहे। मंच संचालन रवि कुमावत और दिनेश भाटी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में महासचिव अनीष चौधरी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने फूलों की होली खेली और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं ।




# मोटे अनाज की उपयोगिता विषय पर कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** निकटवर्ती ग्राम गोनेड़ा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पर बुधवार को मोटे अनाज की उपयोगिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ले. कर्नल (डॉ.) सुपर्ण सिंह शेखावत की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने मोटे अनाज (श्री अन्न) की उपयोगिता, उसके पोषक तत्वों के साथ-साथ उनसे बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक कृषि महेन्द्र कुमार जैन ने किसानों को मोटे अनाज की विभिन्न फसलों के बारे में बताया। साथ ही मोटे अनाज का क्षेत्र ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने की बात कही। विशिष्ठ अतिथि सहायक निदेशक कृषि डॉ. रामजीलाल यादव ने किसानों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। डॉ. रामप्रताप ने क्षेत्र में बोई जाने वाली मोटे अनाज की विभिन्न शस्य क्रियाओं के साथ-साथ उनकी प्रजातियों के बारे में बताया। डॉ. रेनू कुमारी गुप्ता ने मोटे अनाज विशेषकर बाजरे में लगने वाली विभिन्न बिमारियों एवं उनकी रोकथाम के बारे में किसानों को बताया। डॉ. सरदारमल यादव ने फसलों में कम से कम रसायनों का उपयोग कर जैविक विधियों का उपयोग करने की सलाह दी तथा रसायनों का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के बारे में बताया। कार्यशाला में सहायक निदेशक कृषि राकेश कुमार यादव, कृषि अधिकारी लक्ष्मण गुवारिया, सुनील कुमार, राकेश कुमार, शिवेश पाण्डे, कृषि जागृति संस्थान के गोकुल सैनी सहित कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षकों के साथ-साथ करीब 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।










Happy Holi
FESTIVAL OF COLORS
MAA Pitambara Contraction
की ओर से देवली क्षेत्र वासियों को होली, धुलंडी, रंग पंचमी व शीतला सप्तमी के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाइयां
विजय चौधरी
A Class Contractor
MAA Pitambara Contraction
Devli, Tonk (Raj.)


ओम प्रकाश खाती
'A' Class contractor
की ओर से देवली क्षेत्र वासियों को होली, धुलंडी, रंग पंचमी व शीतला सप्तमी के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाइयां
ओम प्रकाश खाती
'ए' क्लास कोन्ट्रेक्टर
Registered
'A' Class contractor
Ravta (Darra Mataji) P.O.-Rajmahal, Tehsil-Deoli (Tonk)
9414992078, 9829749504


मेसर्स संजय जांगिड़
की ओर से देवली क्षेत्र वासियों को होली, धुलंडी, रंग पंचमी व शीतला सप्तमी के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाइयां
मेसर्स संजय जांगिड़
कंस्ट्रक्शन सी क्लास
कांट्रेक्टर रावता माताजी, पोस्ट : राजमहल देवली
मो. 9414212078


Happy Holi...
ट्राईओम परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व देवली क्षेत्र वासियों को होली, धुलंडी, रंग पंचमी व शीतला सप्तमी के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाइयां
TRIOM
SCIENCE | COMMERCE | AGRICULTURE
11th & 12th (Science)
JEE | NEET | CUET
11th & 12th (Commerce)
CA | CS | CUET
11th & 12th (Agriculture)
CUET | JET
8th, 9th & 10th
Pre-Foundation
ट्राईओम परिवार अपने प्रत्येक स्टूडेंट के उज्जवल भविष्य के लिए, समर्पित बने रहने का विश्वास दिलाता है
www.triom.co.in
+91 9667161333
Near Chungi Naka Gaurav Path Deoli

## सम्पादकीय

# तकनीक पर कब्जे के दौर में संसाधनों की साझेदारी

स्पेन के बार्सिलोना शहर में हर साल होने वाला दूरसंचार सम्मेलन मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस इस बार कुछ खास रहा क्योंकि डॉनल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद दूरसंचार उद्योग के दिग्गज पहली बार एक साथ इकट्ठे हुए। इनमें टेलिफोनिका और चाइना मोबाइल से टेलस्ट्रा, टेलिनॉर और भारती एयरटेल तक के मुखिया शामिल थे। सम्मेलन की दिशा पहले ही दिन टेलिफोनिका के चेयरमैन एवं सीईओ मार्क मर्टरा के भाषण ने तय कर दी। उन्होंने अधिक से अधिक फायदे के लिए तकनीक और दूरसंचार के संबंध को प्रगाढ़ बनाए जाने पर जोर दिया। मध्यकालीन गलियों, खूबसूरत वास्तुकला और बार्का (फुटबॉल क्लब एफसी बार्सिलोना) के लिए मशहूर इस शहर से मर्टरा का वीडियो पूरी दुनिया में देखा गया, जिसमें उन्होंने कहा, 'वक्त किसी के लिए नहीं रुकता और न ही तकनीक।'

जब भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल मंच पर पहुंचे तो उन्होंने एक साथ आने और साझा करने की जरूरत पर पूरा जोर दिया। उन्होंने उद्योग, नियामकों और दुनिया भर की सरकारों से इसे सुनने और समझने की गुजारिश की। दूरसंचार कंपनियों और उनके साथ साझेदारी करने वाली तकनीकी कंपनियों के लिए मित्तल का एक ही संदेश था: साझा कीजिए और साझा कीजिए। इसका मकसद तकनीकी ढांचे को एक-दूसरे के साथ साझा कर लागत घटाना और मुनाफा बढ़ाना है। दूरसंचार की बड़ी हस्तियां वक्त के साथ चल रही हैं और जानती हैं कि तकनीक में (आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से 5जी प्लस तक) भारी निवेश अब टाला नहीं जा सकता। उनका जोर इस बात पर है कि अकेले न चलकर बुनियादी ढांचा सबके साथ बांटा जाए तो चुनौती भरे इस माहौल में निवेश का बोझ बहुत कम हो सकता है। विश्व व्यवस्था पर अपना दबदबा बढ़ाने की ट्रंप की मंशा को देखते हुए हर देश समझ रहा है कि आर्थिक बदलाव होना ही है और इस बदलाव में तकनीक की बहुत अहमियत है। कोविड-19 में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला इस कदर बरबाद हो गई थी कि उसके उबरने की कोई उम्मीद ही नहीं थी। उसी दौर की तरह एक बार फिर देश अपने ही भरोसे रह गए हैं। ऐसे में तकनीकी संप्रभुता या तकनीक पर पूरी तरह नियंत्रण करने की बात उठने लगी है। इस समाचार पत्र द्वारा पिछले दिनों आयोजित एक कार्यक्रम में एचसीएल के सह-संस्थापक अजय चौधरी ने यही बात कही थी। विश्व व्यवस्था इतनी अप्रत्याशित हो गई है कि अपनी तकनीक, डेटा तथा डिजिटल ढांचे पर नियंत्रण रखने की किसी देश की क्षमता (तकनीकी संप्रभुता) को 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में अहम कदम माना रहा है। करीब 25 साल से बार्सिलोना सम्मेलन में और उससे पहले दुनिया भर में हुई जीएसएम वर्ल्ड कांग्रेस में लगातार पहुंचने वाले मित्तल ने भी तकनीकी संप्रभुता की बात उठाई मगर उनका विचार कुछ अलग था। मंच से जब उन्होंने तकनीक साझा करने का आह्वान किया तो उनका साफ मतलब था कि तकनीक में उत्कृष्टता और नया स्तर हासिल करने के लिए एक-दूसरे के संसाधनों का इस्तेमाल होना चाहिए। उन्होंने साफ शब्दों में यह भी कहा कि ब्रांड और सेवा में होड़ होनी चाहिए अपना अलग पूंजीगत ढांचा बनाने में नहीं। क्या तकनीक पर नियंत्रण की मौजूदा होड़ में उनकी बात सुनी जाएगी? सम्मेलन में उपग्रह संचार (सैटेलाइट कम्युनिकेशन या सैटकॉम) का भी सरसरी तौर पर जिक्र किया गया।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान



### 13 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- मंगोलिया ने सन 1921 को चीन से स्वतंत्रता हासिल की थी।
- भारतीय क्रांतिकारी ऊधम सिंह ने 1940 में अंग्रेजों से जलियांवाला बाग का बदला लेने के लिए जनरल डायर पर गोलियां चलाईं।
- तुर्की ने सन 1964 को साइप्रस के खिलाफ हमले की धमकी दी थी।
- स्कॉटलैंड के डनब्लेन के स्कूल में 1996 में एक बंदूकधारी ने घुसकर गोलियों की बौछार कर दी जिसमें लगभग 16 बच्चे और उनके शिक्षक की मौत हो गई।
- ईन्डियन मिशनरीज ऑफ चैरिटी में मदर टेरेसा द्वारा सन 1997 में नेता के रूप में सिस्टर निर्मला का चुना गया।
- इराक पर ब्रिटेन ने 2003 में रखे प्रस्तावों को फ्रांस ने नामंजूर किया।
- सैक्स स्कैण्डल में फंसे न्यूयार्क के गवर्नर एलिमट स्पित्जर ने 2008 में अपने पद से इस्तीफ़ा देने की घोषणा की।
- सार्क साहित्योत्सव 2009 में आगरा में शुरू हुआ।
- साल 2012 को बंगलादेश की राजधानी ढाका के समीप एक तेल टैंकर और एक नौका के बीच हुई टक्कर में लगभग 100 लोगों की जान गयी।

### 13 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- आंध्र प्रदेश के राजनैतिक नेता बुर्गुला रामकृष्ण राव का 1899 में जन्म।
- हिंदी के प्रसिद्ध कवि आत्मा रंजन का 1971 में जन्म।
- एक युवा राजनेता और संजय गांधी के पुत्र वरुण गांधी का 1980 में जन्म।

### 13 मार्च को हुए निधन

- 1800 में एक मराठा राजनेता नाना फड़नवीस का निधन।
- 1996 में हिन्दी फ़िल्मों के अभिनेता शफ़ी ईनामदार का निधन।
- 2004 में भारत के प्रसिद्ध सितार वादक विलायत ख़ाँ का निधन।

# होली पर विशेष : रंगों का त्योहार, नई उमंगों का संचार

**होली, भारतीय संस्कृति का एक अनूठा पर्व है, जो न केवल रंगों की बौछार करता है बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारे और उल्लास की नई धारा बहाता है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें सिखाता है कि जीवन में चाहे कितनी भी नकारात्मकता हो, अंततः सत्य और प्रेम ही विजयी होते हैं।**



संजय खाबिया



### होली का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व

होली का संबंध पौराणिक कथाओं से भी गहरा जुड़ा हुआ है। प्रह्लाद और होलिका की कथा इस पर्व का प्रमुख आधार है। राजा हिरण्यकशिपु, जो स्वयं को भगवान मान बैठा था, उसने अपने भक्त पुत्र प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति से दूर करने के लिए कई प्रयास किए। जब वह असफल रहा, तो उसने अपनी बहन होलिका को आदेश दिया कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठे। होलिका के पास एक वरदान था कि आग उसे जला नहीं सकती, लेकिन भगवान की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गया और होलिका भस्म हो गई। तभी से यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में मनाया जाता है।

### होली के रंगों का मनोवैज्ञानिक प्रभाव

रंगों का हमारे मन और मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ता है। लाल रंग ऊर्जा और प्रेम का प्रतीक है, हरा समृद्धि और नई शुरुआत का संकेत देता है, पीला खुशी और सकारात्मकता को दर्शाता है, जबकि नीला शांति और गहराई का प्रतीक होता है। होली के ये रंग हमें तनाव मुक्त कर ऊर्जा से भर देते हैं और जीवन को नई दिशा देते हैं।

### होली के आधुनिक रंग- बदले हुए दौर में होली का स्वरूप

समय के साथ होली मनाने के तरीकों में भी बदलाव आया है। पहले जहां लोग प्राकृतिक रंगों से होली खेलते थे, वहीं आज कृत्रिम रंगों और गुलाल का प्रचलन बढ़ गया है। साथ ही, अब सूखी होली (इको-फ्रेंडली होली) मनाने पर भी जोर दिया जा रहा है, ताकि पानी की बचत हो और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे।

### आज की होली में शामिल हो रहे कुछ नए ट्रेंड

**ऑर्गेनिक रंगों का उपयोग** – हानिकारक रसायनों से बचने के लिए लोग अब हर्बल रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**म्यूजिक फेस्टिवल और होली पार्टियां** – होली अब केवल पारंपरिक त्योहार नहीं रह गई है, बल्कि एक बड़े म्यूजिक इवेंट का रूप ले चुकी है, जहां डीजे, लाइव बैंड और ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोग नाचते-गाते हैं।

**फैमिली गेट-टुगेदर** – होली अब केवल दोस्तों तक सीमित नहीं, बल्कि परिवारों में भी इसे धूमधाम से मनाने का चलन बढ़ गया है।

**इको-फ्रेंडली होली** – पानी की बचत और प्लास्टिक के रंगों से परहेज करने की जागरूकता बढ़ रही है, जिससे लोग अधिक जिम्मेदारी से त्योहार मना रहे हैं।

**होली -सामाजिक एकता और प्रेम का संदेश :** होली केवल एक रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह सामाजिक सौहार्द्र और भाईचारे को मजबूत करने का भी पर्व है। इस दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भूलकर गले मिलते हैं और एक नए रिश्ते की शुरुआत करते हैं। होली हमें यह सिखाती है कि जीवन में रंगों की तरह विविधता जरूरी है। हम सभी अलग-अलग संस्कृतियों, विचारों और भावनाओं के साथ जीते हैं, लेकिन जब इन सबको मिलाकर प्रेम का गुलाल उड़ाया जाता है, तो जीवन एक खूबसूरत तस्वीर की तरह उभरता है।

### आइए, इस होली को खास बनाएं!

2025 की होली एक नई ऊर्जा और उमंग के साथ मनाने का समय है। यह केवल रंगों में सराबोर होने का मौका नहीं, बल्कि अपने रिश्तों को मजबूत करने, खुशियां बांटने और समाज को सकारात्मक संदेश देने का अवसर भी है। इस बार होली को थोड़ा अलग अंदाज में मनाएं – प्रकृति का ख्याल रखें, सुरक्षित रंगों का उपयोग करें, जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटें और पूरे दिल से इस त्योहार का आनंद लें।

'होली है' – इस एक शब्द में खुशियों, उल्लास और प्रेम की पूरी दुनिया समाई हुई है। तो चलिए, इस बार की होली को यादगार बनाते हैं।

# नेता तोड़ रहे भाषा की मर्यादा, असली मुद्दे गायब, गुड़ 'गोबर' हुई राजनीति



डॉ. सत्यवान

**चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दलों की बयानबाजी अक्सर चरम पर पहुंच जाती है। पार्टी नेता अपनी बात बेबाकी से कहने लगते हैं, जिससे आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो जाता है। हाल ही में संसद और विधानसभाओं में भी व्यक्तिगत हमले बढ़े हैं। उदाहरण के लिए, हरियाणा के विधायक राजकुमार गौतम ने गोहाना में जलेबी की गुणवत्ता के बारे में टिप्पणी की, जिस पर गोहाना के विधायक और कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि गौतम तो गोबर भी खाते हैं और उन्हें जलेबी की गुणवत्ता की चिंता नहीं करनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे लोग सार्वजनिक धन की कीमत पर मामूली विवादों में उलझे रहते हैं। इससे हमारे देश के भविष्य को आकार देने वालों की क्षमता पर सवाल उठता है। राजनीति की भाषा तभी सुधर सकती है जब मतदाता अधिक जागरूक और सहभागी होंगे। इन बहसों के बीच शब्दों के अर्थ बदल रहे हैं, जो एक बड़ी चिंता का विषय है। जनता को यह भी सोचना चाहिए कि क्या ऐसा नेता जो ऐसी कठोर और अपमानजनक भाषा का सहारा लेता है, लोकतंत्र के मंदिर में जगह पाने का हकदार है। लोकतंत्र में नेता अपनी शक्ति और अधिकार जनता से प्राप्त करते हैं, जिसका वे प्रयोग भी कर सकते हैं और दुरुपयोग भी कर सकते हैं।**

बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास जैसी चिंताओं के बीच, एक परेशान करने वाला नया चलन सामने आया है, राजनीतिक दलों की वादा खिलाफी तथा नेताओं की अमर्यादित भाषा का। राजनीतिक दल अपने वादे पूरे करने में विफल रहे हैं और नेता अनुचित भाषा का सहारा ले रहे हैं। हमारी सड़कों की हालत बहुत खराब है; कई इलाकों में, वे बमुश्किल ही सड़कों जैसी दिखती हैं। जल प्रबंधन और सीवेज सिस्टम जैसी ज़रूरी सेवाओं का अभाव है। चिकित्सा सुविधाएँ भी इसी तरह अपर्याप्त हैं, आबादी के सापेक्ष अस्पतालों की कमी है, और जो मौजूद हैं उनमें अक्सर ज़रूरी संसाधनों की कमी होती है। ऐसा लगता है कि नेता सिर्फ़ दिखावटी बनकर रह गए हैं, जो असली मुद्दों को हल करने की उपेक्षा कर रहे हैं। अतीत में, राजनेता अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते थे, और राजनीति में जो संस्कृति, सभ्यता और शालीनता की भावना थी वो अब गायब हो गई है। आजकल, नेता अक्सर व्यक्तिगत हमलों में शामिल होते हैं, विमर्श की सीमा को पार करते हैं। राजनीति में भाषा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है; लोकतंत्र में, एक नेता की शक्ति भाषा पर उसके नियंत्रण से बहुत हद तक जुड़ी होती है। स्वतंत्रता के बाद से, राजनीतिक परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है, साथ ही राजनेताओं के आरोपों के लहज़े और शैली में भी बदलाव आया है। आज कुछ नेता अपने विरोधियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, जबकि अन्य आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। क्या हमारे राजनीतिक क्षेत्र में गरिमा की कोई भावना बची है? ऐसी भाषा का सहारा लेने से पहले, ये राजनेता देश और उसके नागरिकों के लिए संभावित नतीजों से बेखबर लगते हैं। अपने विरोधियों को कमतर आंकने की कोशिश में, नेता अक्सर ऐसे बयान देते हैं जो न केवल निरर्थक होते हैं बल्कि आपत्तिजनक भी होते हैं। ऐसी टिप्पणियाँ स्वस्थ और रचनात्मक राजनीति के आदर्शों को धूमिल करती हैं। क्या ये नकारात्मक प्रभाव हमारी राजनीतिक व्यवस्था में स्वीकार्य हैं? ये बयान स्वस्थ्य और अच्छी राजनीति की परिकल्पना पर दाग भी लगाते हैं. फिर भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती. क्या राजनीति में ये दाग अच्छे हैं? हरियाणा विधानसभा में नेताओं द्वारा 'गोबर पीने वाले' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दल अक्सर स्वीकार्य भाषा की सीमाओं को लांघ देते हैं। पार्टी नेता अपनी बात बेबाकी से कहते हैं, अक्सर मुखर होकर बोलते हैं। चुनाव के मंच पर आरोप-प्रत्यारोप के अलावा व्यक्तिगत हमले अब संसद और विधानसभाओं में भी होने लगे हैं। उदाहरण के लिए, जब विधायक राजकुमार गौतम ने गोहाना में मिलावटी जलेबी बनने की बात कही, तो गोहाना के विधायक और कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि गौतम तो गोबर भी पीते हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें जलेबी की गुणवत्ता की चिंता नहीं करनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे लोग सार्वजनिक धन की कीमत पर तुच्छ काम कर रहे हैं। हमें सोचना चाहिए कि हमारे देश के भविष्य को आकार देने वालों की भाषा कितनी खराब हो गई है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



महेश तिवाड़ी
(पुलिस निरीक्षक-राजः पुलिस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। राजस्थान पुलिस के शानदार पुलिस निरीक्षक महेश तिवाड़ी जी जोकि इस समय कठूमर थानाधिकारी पद को सुशोभित कर रहे हैं। सन 1970 में भरतपुर जिले के तरोंड़ा में जन्में महेश तिवाड़ी के पिता यादराम तिवाड़ी भी राजस्थान पुलिस में डीवाएएसपी पद से सेवानिवृत हुए हैं। वे लम्बे समय अलवर शहर कोतवाल रहे। महेश जी ने बीए अलवर से की और एलएलबी जयपुर विवि से की। सन 1991 में पिता के कदमों के निशां पर चलते हुए राजस्थान पुलिस के बेड़े में एक कॉंस्टेबल भर्ती के दौरान शामिल हो गए। पहली सेवा जयपुर ग्रामीण से शुरू हुई उसके बाद हैड कॉंस्टेबल से एएसआई और एसआई का सफर तय करते हुए सन 2019 को पुलिस निरीक्षक बने। विभिन्न थानों में एसएचओ रहते हुए ब्लाईंड मर्डर,लूट,हत्या और डकैती जैसे संगीन मामलों में शानदार कार्रवाही करते हुए अपराधियों को उनके सही ठिकाने पहुँचाया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में भी लम्बे समय रहे और आय से अधिक संम्पत्ति मामले में दर्जनों लोगों के खिलाफ कार्रवाही करते हुए उनके सही ठिकाने पहुँचाया। अलवर में मालाखेड़ा, चौपानकी, थानागाजी,बहरोड़ थानों में रहे आज कठूमर थानाधिकारी पद पर हैं। पुलिस के स्लोगन अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास को पूर्ण करने का प्रयास करते हैं। शानदार अधिकारी हैं महेश जी। सामने वाले से पूर्ण शिष्टाचार और नैतिकता के आधार पर व्यवहार करते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_070

बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 6 | 3 | | 7 | 2 | |
| 5 | 2 | | | | 7 | 6 | 3 | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 5 | | | 2 | | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | | | 5 | 6 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 8 | | | | 7 | 2 |
| | 9 | | 4 | 2 | 1 | 8 | | 3 |
| | 5 | 1 | | 8 | 3 | | | |
| 4 | 8 | 3 | | 9 | 6 | 2 | | 7 |

**Ans_2025_069**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 9 | 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें।

### वृष

आपके लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा। किसी प्रवास या पर्यटन स्थल पर जाने से दिन रोमांचक बन जाएगा।

### मिथुन

ज्यादा सोचने के कारण मानसिक थकान का अनुभव हो सकता है। इसका स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। परिजनों के साथ धन संबंधी कोई विवाद हो सकता है। आज यात्रा टालना ही बेहतर रहेगा। आज भाइयों से लाभ होगा।

### कर्क

पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा। मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी।

### सिंह

आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी।

### कन्या

क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

### तुला

आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### वृश्चिक

काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सकें, तो टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

### धनु

विवाहोत्सुक लोगों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं। रुचिकर भोजन प्राप्त होगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी।

### मकर

नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा।

### कुंभ

आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुख और असंतोष की भावना हो सकती है।

### मीन

नौकरी में पदोन्नति होगी। गृहस्थ जीवन में भी आनंद का वातावरण छाया रहेगा। व्यापार के उद्देश्य से कहीं बाहर भी जाना हो सकता है। आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया होली मिलन समारोह

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** बुधवार को भाजपा राजपुर-धमरेड़ मंडल की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन नीमला स्थित डूंगरी वाले हनुमान मंदिर पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपुर धमरेड़ मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन योगी ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामावतार शर्मा मोतीवाड़ा थे। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे। सर्वप्रथम हनुमान जी व ठाकुर जी को गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान राजपुर-धमरेड़ मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन योगी, रामावतार शर्मा, कृष्ण अवतार शर्मा, सतीश शर्मा, सुभाष गोस्वामी, हंसराज सैन, जिला परिषद सदस्य धौली देवी, राम खिलाड़ी मीना, सुरेन्द्र शर्मा, सुल्तान सिंह मौजूद रहे।







विश्व ग्लूकोमा सप्ताह

# शहर में जागरूकता रैली निकाल दिया नेत्र सुरक्षा का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** विश्व ग्लूकोमा सप्ताह (9-15 मार्च) के तहत बुधवार को शहर में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना के संदेश के साथ आयोजित इस रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी, महात्मा गांधी चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़, और नेत्र रोग विभाग की आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रैली महात्मा गांधी अस्पताल के मुख्य पोर्च से प्रारंभ होकर भीमगंज पुलिस थाना, बड़ा मंदिर, अम्लीय की बाड़ी, माणिक्य नगर होते हुए जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र, भीलवाड़ा पर समाप्त हुई।

### ग्लूकोमा जागरूकता क्यो जरूरी-

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत अंधापन एवं दृष्टिहानि को दूर करने, नेत्र सुरक्षा सेवा प्रदान करने के लिए वैश्विक ध्यान केद्रित करने, आम जन के बीच जनजागरूकता बढ़ाने हेतु प्रतिवर्ष मार्च माह के द्वितीय सप्ताह को विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि ग्लूकोमा दृष्टिहानि का एक प्रमुख कारण है, जिसे समय पर जांच और इलाज से रोका जा सकता है। इस जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य लोगों को नेत्र सुरक्षा, समय पर जांच, और ग्लूकोमा की रोकथाम के प्रति सचेत करना है। इस रैली के माध्यम से आमजन को ग्लूकोमा से बचाव और नेत्र सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया, जिससे इस गंभीर बीमारी से होने वाली दृष्टिहानि को कम किया जा सके।

### नेत्र रोग विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों की रही भागीदारी-

इस दौरान नेत्र रोग विभाग, महात्मा गांधी चिकित्सालय से डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. अनिरुद्ध सिंह, डॉ. शालीन, डॉ. रोमिल, डॉ. दीपक, डॉ. अनुजा, डॉ. निकिता तथा सीएमएचओ कार्यालय से चंद्र देव आर्य उपस्थित रहे साथ ही, जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र से योगेश शर्मा, भोजाराम कुमावत, ओम प्रकाश विश्नोई, मीनू यादव एवं एएनएम प्रशिक्षण केंद्र से अरुण पुरोहित सहित जिला ब्लाइंडनेस समिति से संबंध चिकित्सालय भी उपस्थित रहे।

# नौनिहालों ने पुस्तकालय का किया भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के पुलिस थाना रोड़ स्थित आईपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने पंचायती पुस्तकालय एवं वाचनालय का भ्रमण किया। इस दौरान पंचायती पुस्तकालय के प्रभारी पुरण जैमन ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए पुस्तकालय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों से बच्चों को रूबरू कराया। विद्यालय के संस्थाप्रधान भारत प्रधान ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुस्तकालय का अवलोकन कर विभिन्न पुस्तकों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी नियमित रूप से पंचायती पुस्तकालय एवं वाचनालय का लाभ लेंगे तथा इस अमूल्य सार्वजनिक विरासत के संरक्षण, सवर्धन में सहयोगी बनेंगे।

# पंचायती पुस्तकालय में नियमित रूप से आ रहे हैं पाठक, जीर्णोद्धार का किया जा रहा है कार्य



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के पंचायती पुस्तकालय एवं वाचनालय का भामाशाह, संस्था सदस्य एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों से सुसंचालित एवं विकसित हो रहा है। राजगढ़ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि कैरियर डेवलपमेंट पाइंट के रूप में परीक्षार्थियों के लिए कम शुल्क पर सुविधाजनक लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है। पुस्तकालय एवं वाचनालय प्रतिदिन नियमित रूप से संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि अभी पुस्तकालय भवन का प्रेक्षागृह खाली है। परिसर का जीर्णोद्धार एवं पेंटिंग का कार्य सामाजिक संस्थाओं एवं भामाशाहों के माध्यम से किया गया है। पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों के संरक्षण के लिए पुस्तकों को रेक्स में व्यवस्थित रखी गई है। जो पाठकों को सहज रूप से उपलब्ध हो रही है।

प्रबंधकारिणी में सदस्यता हेतु 20 मार्च तक आवेदन

पंचायती पुस्तकालय एवं वाचनालय के अध्यक्ष एडवोकेट भुपेंद्र शर्मा ने बताया कि 5 मार्च को आमसभा में लिए गए निर्णय अनुसार प्रबंधकारिणी सदस्यता के लिए आवेदन 20 मार्च तक आजीवन सदस्यों द्वारा दिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 20 मार्च तक प्रबंधकारिणी सदस्य बनकर संस्था के संचालन में सहयोग दें सकते हैं।









छबड़ा सुपर थर्मल पावर प्लांट पर बिजली महापंचायत : एआईपीइएफ के अध्यक्ष दुबे व संयोजक गुप्ता सरकार पर बरसे

# बिजली के निजीकरण को जनता के साथ धोखा बताया कहा- मूलभूत सुविधाओं पर सरकार का स्वामित्व हो

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** सरकारी स्वामित्व वाले बिजली घरों के किए जा रहे निजीकरण का राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से 165 दिन से विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को बारां जिले के छबड़ा सुपर थर्मल पावर प्लांट पर बिजली महापंचायत का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता ऑल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे सहित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने महापंचायत को सम्बोधित किया। प्रदेश संयोजक राकेश गुप्ता ने बताया कि ऑल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन के अध्यक्ष ने मुख्य वक्ता के रूप में महापंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की सामुदायिक योजनाओं के हिस्से में रही विद्युत, चिकित्सा, शिक्षा और पेयजल से सरकार धीरे-धीरे दूरी बना रही है।

इसी क्रम में राज्य सरकार बड़े पैमाने पर विद्युत उत्पादन प्रसारण व वितरण क्षेत्र में संयुक्त उद्यम, क्लस्टर एवं हेम योजनाओं के माध्यम से अपना नियंत्रण अन्य हाथों में सौंप रही है। उत्पादन के क्षेत्र में वर्तमान में स्थापित इकाईयों में राज्य सरकार की हिस्सा राशि है एवं इनका स्वामित्व भी राज्य सरकार का ही है।

सरकार के नियंत्रण में मूलभूत सुविधाओं का होना, जनता के हित संरक्षण की अपरोक्ष गारंटी होता है। किन्तु अब सरकार धीरे-धीरे अपने दायित्वों से अपने हाथ खींच रही है। यदि मूलभूत आवश्यकता वाले क्षेत्रों से सरकारों द्वारा दूरी बना ली जाएगी तो जनता द्वारा चुनी गई सरकारों का कार्य क्या रह जाएगा। इन सभी क्षेत्रों में कॉरपोरेट घरानों का आधिपत्य आम जनता के हितों का पोषण कतई नहीं कर पाएंगे।

## जनता के साथ विश्वासघात है यह

अपने सम्बोधन में दुबे ने कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा बढ़ती हुई विद्युत मांग को पूरा करने के लिए नए विद्युत उत्पादन संयंत्रों की स्थापना के लिए संयुक्त उद्यम में अपनी हिस्सा राशि का प्रबंधन होने के बहाने की आड़ में कतिपय कम्पनियों के साथ धड़ाधड़ संयुक्त उपक्रम के लिए समझौते किए गए। इन समझौतों की खास बात यह है कि संयुक्त उपक्रम में राज्य विद्युत उत्पादन निगम अपनी हिस्सा राशि के रूप में वर्तमान में संचालित अपने नियंत्रण वाले श्रेष्ठ प्लांटों को भी अन्य कम्पनियों को सौपा जा रहा है। मात्र इन प्लांटों का स्वामित्व हस्तांतरण ही नहीं हो रहा है, वरन इन संयंत्रों से उत्पादित विद्युत की दरों को तय करने का नियंत्रण भी राज्य के विद्युत नियामक आयोग के हाथों से छीना जा रहा है। यह जनता के साथ विश्वासघात और उनके हितों पर आरी चलाने की कुटिल योजना है। संयुक्त उपक्रम के माध्यम से विद्युत क्षेत्र को आने वाले कुछ ही समय में निजी क्षेत्र के एकाधिकार की राह सरकार द्वारा खोल दी गई है, जो राज्य के किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं व अन्य उपभोक्ताओं के आर्थिक एवं मानसिक शोषण की राह भी प्रशस्त कर रहा है।

# जिला कलेक्टर ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिट्रस का दौरा किया

## नर्सरी में उत्कृष्ट पौधे तैयार करने की तकनीक जानी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बुधवार को बूंदी रोड नांता स्थित उद्यान विभाग के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिट्रस (नींबू वर्गीय फल उत्कृष्टता केन्द्र) का दौरा कर वहां नींबू वर्गीय फलों विशेषकर संतरे की वैरायटी देखी। यहां उन्होंने विभिन्न नर्सरियों में नींबू, संतरे, मौसमी, किन्नू सहित विदेशी किस्मों के कलमी पौधे तैयार करने की तकनीक के बारे में जानकारी ली।

डॉ. गोस्वामी ने कलमी पौधों में जंभीरी, रंगपुर लाइम, नागपुरी संतरा, सीडलेस किस्म का कलमी संतरा तथा आम एवं मौसमी की वैरायटी देखी और उसके बारे में जानकारी ली। नर्सरी में तैयार किए जाने वाले पौधों में जरूरत के मुताबिक पानी देने के लिए लगाई गई ऑटोमेशन प्रणाली को भी समझा। उद्यान विभाग के उपनिदेशक राशिद खान ने बताया कि संतरा उत्पादक कृषकों को नवीनतम जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से यह केन्द्र वर्ष 2012-13 में स्थापित हुआ था। इस केन्द्र पर इंडो-इजराइल तकनीक से नींबू वर्गीय पौधों की विभिन्न किस्में तैयार की जाती हैं। उद्यान विभाग की योजनाओं के तहत तैयार पौधे किसानों को उपलब्ध कराए जाते हैं।

**ग्राफ्टिंग एवं बडिंग तकनीक से पौधे तैयार करने की भी जानकारी ली :** जिला कलेक्टर ने ग्राफ्टिंग एवं बडिंग तकनीक से पौधे तैयार करने के बारे में भी जानकारी ली। उद्यान विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि किसानों को उत्कृष्ट वैरायटी के उत्पादन की विधि के साथ ही कितनी खाद देनी है और कब देनी है, पानी कैसे देना है आदि के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

इजरायल से भी समय-समय पर विशेषज्ञ इस सेंटर का दौरा कर अपडेशन के बारे में जानकारी शेयर करते हैं। डॉ. गोस्वामी ने किसानों को उत्कृष्ट किस्म की वैरायटी के पौधे उपलब्ध कराने में केन्द्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।




# शिक्षा विद् मेहताब सिंह चौधरी को प्रशस्ति पत्र से नवाजा

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** राष्ट्रमंडल के सहयोग एवं श्री रामचंद्र मिशन तथा हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हार्टफूलनेस निबंध प्रतियोगिता 2024 में सक्रिय भागीदारी के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर के प्राचार्य मेहताब सिंह चौधरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। संस्था द्वारा ग्लोबल हार्टफुलनेस इवेंट्स 2024 का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर में किया गया था। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। इसके फलस्वरूप विद्यालय के प्राचार्य मेहताब सिंह चौधरी प्रशस्ति पत्र एवं संस्था को अप्रिशिएसन पत्र जारी कर सम्मानित किया गया है। हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा लगातार तीन दिवस प्रार्थना कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तनाव मुक्ति के उपाय तथा उत्तम स्वास्थ्य के लक्षण एवं स्मृति को उन्नत बनाने के तरीकों पर सेशन प्रदान किए गए थे। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने पर विद्यालय विकास समिति एवं प्रबंधन समिति ने भी विद्यालय को बधाई दी है। नगर पालिका क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने भी इसके लिए विद्यालय एवं प्राचार्य को बधाई प्रदान की है। विद्यालय के प्राचार्य नवाचारों के क्षेत्र में राज्य भर में अग्रणी है। शिक्षा मंत्री द्वारा प्रारंभ किया गया सूर्य नमस्कार विद्यालय में अनवरत जारी है।

# श्री श्याम मंदिर सेवा धाम की ओर से श्री श्याम फागोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** मोहन नगर स्थित श्री श्याम मंदिर सेवा धाम की ओर से मंगलवार रात को काका पैलेस में श्री श्याम फागोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। प्रसिद्ध भजन गायक भजन सम्राट भीलवाड़ा से राजू अलबेला, मुरादाबाद से छोटी सपना , हिंडौन से अंकित राजस्थानी, हिंडौन से गिरधारी बृजवासी, ने श्याम भजन, होली गीत और धमाल गीतों की प्रस्तुतियां दीं। श्रोताओं ने भजनों पर झूमते हुए कार्यक्रम का आनंद लिया। हनुमान जी के भजनों की भी प्रस्तुति दी गई। फागोत्सव में रंग और गुलाल की बरसात हुई। श्याम भक्त और श्रोता मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करते नजर आए। खाटू श्याम के फाग गीतों के साथ श्रद्धालु श्याम बाबा के जयकारे लगाते रहे। विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्याम भक्त फागोत्सव में शामिल हए।




## अनियंत्रित बलेनो कार कंटेनर से टकराई, जनहानी टली

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को मुख्य बस स्टैंड स्थित अनियंत्रित होकर एक बलेनो कार कंटेनर से टकरा गई और दोनों वाहनों में हुई आपसी भिडंत से धूल मिट्टी का गुब्बारा उठा तो आसपास खड़े लोगों व व्यापारियों में में अफरा तफरी का माहौल हो गया। वहीं घटना के बाद मौके स्थित को भांपते हुए लोग दौड़कर घटना स्थल पहुंचे तथा कंटेनर से हुई भिडंत में फंसे बलेनों कार के चालक को गाड़ी से बाहर निकाला। गनिमत है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से कोई जनहानी नहीं हुई। हादसे बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। जिसकी सूचना पुलिस को दी तो, प्रागपुरा थाने से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को साईड़ में करवाकर यातायात को सुचारू करवाया।

### आम सूचना

मैं बिजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा निवासी ग्राम काली पहाड़ी तह. राजगढ़ जिला अलवर शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे पुत्र हार्दिक कुमार शर्मा का विद्यालय रिकार्ड में नाम गलती से हार्दिक शर्मा लिख दिया। विद्यालय रिकार्ड में पिता का नाम बिजेंद्र शर्मा व माता का नाम मीनू देवी शर्मा लिख दिया। जो कि गलत है। जबकि वास्तविक पिता का नाम बिजेंद्र कुमार शर्मा व माता का नाम मीना देवी शर्मा है। अत: भविष्य में विद्यालय रिकार्ड में बच्चे का नाम हार्दिक कुमार शर्मा, पिता का नाम बिजेंद्र कुमार शर्मा व माता का नाम मीना देवी शर्मा पढ़ा जावें।

### आम सूचना

प्रमाणित किया जाता है कि प्रविंद्र कुमार मीना पुत्र श्रवण कुमार मीना निवासी 147, गंगाशंकर वकील के पास शिव कॉलोनी रेलवे कॉलोनी सवाई माधोपुर का निवासी है व प्रविंद्र कुमार का नाम नगर पालिका सवाई माधोपुर द्वारा जारी पट्टा संख्या 2969 दिनांक 25.06.2009 को नगर पालिका सवाई माधोपुर द्वारा जारी किया गया था। जिसमें अरविन्द पिता श्रवण कुमार दर्ज हो गया है जबकि प्रविंद्र कुमार मीना को दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता है एवं दोनों ही नाम प्रविंद्र कुमार के हैं ।अरविंद कुमार घर का बोलता नाम है । उक्त दोनों ही नाम की जवाबदारी मुझ प्रविंद्र कुमार मीना की है । व मुझे दोनों नाम प्रविंद्र कुमार मीना व अरविंद दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता है ।

**जरिये अधिवक्ता**
**जितेंद्र कुमार शर्मा**
**सवाई माधोपुर, (राज.)**







## राजर्षि अभय समाज के कलाकार मनाएंगे होली मिलन 16 मार्च को


बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज ऋषि अभय समाज के कलाकार बड़े हर्ष उल्लास के साथ इस वर्ष का होली मिलन समारोह आने वाली 16 मार्च 2025 रविवार रात को 7 बजेमनाया जाएगा। संस्था के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था परिसर में सभी पदाधिकारी कलाकार सदस्य कलाकार एवं स्वयंसेवक आदि सभी जिन्होंने भी प्रदर्शनको सफल में अपना सहयोग दिया वो सभी मिलजुल कर फूलों की होली खेलेंगे।










## खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु विभिन्न स्थानों से खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेने की कार्वाई की गई

### जांच में अवमानक पाए जाने पर 150 घी के पैकेट किए जब्त



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** खाद्य एवं औषधि नियंत्राण आयुक्त जयपुर के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत होली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेकर जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि पूर्व में मिल्क फूड ब्राण्ड घी के नमूने जांच में अवमानक पाये जाने पर केडलगंज स्थित फर्म मैसर्स कपिल कुमार सचिन कुमार घी मिल्क फूड की एजेन्सी से पैकिंग के एक-एक नमूने लेकर शेष बचे 117 लीटर घी मिल्क फूड ब्राण्ड की 900 मिली. वजनी के 104 पैकेट एवं 450 मिली. के 46 पैकेट को जब्त किया गया। इसी प्रकार नयाबास चौराहा स्थित मैसर्स नरेश मिष्ठान भण्डार से पनीर का सैम्पल, टाउन हाल के सामने स्थित मैसस पंकज सेल्स कार्पोरेशन व कालाकुआं हाउसिंग बोर्ड स्थित मुकेश स्वीटस से एक-एक घी का नमूना, मनुमार्ग स्थित मैसर्स सागर स्वीट्स से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लिए गए नमूने जांच रिपोर्ट में अवमानक पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एडीएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा जांच में खाद्य पदार्थ असुरक्षित पाये जाने पर उनके विरूद्ध सीजेएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें सजा एंव जुर्माने का प्रावधान है।

इस दौरान टीम द्वारा अलवर शहर के मिठाई विक्रेताओं के कढाई के तेल की टीपीसी मीटर से जांच की गई जो जांच में सही पाया गया। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा सभी खाद्य व्यापारियों को प्रतिष्ठान पर साफ-सफाई से कार्य करने, खाद्य पदार्थों को ढक्कर रखकर बिक्री करने एवं खाद्य लाइसेंस को दुकान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। इस दौरान जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव कुमार गोयल, जयसिंह यादव एवं अशोक कुमार लखेरा मौजूद रहे।

## दुलेसिंह का बास में धर्मशाला में चोरी, लाखों रूपये के बर्तन चुराये

### ग्रामीणों ने प्रागपुरा थाने का घेराव कर किया धरना प्रदर्शन, कार्वाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल)।** विगत दिनों ग्राम बड़नगर स्थित दुलेसिंह का बास में पिछले माह कि 04 मार्च को अज्ञात लोगों द्वारा धर्मशाला के दरवाजे पर लगे ताले को तोड़कर पीतल, तांबे, एल्यूमिनियम के लाखों रूपये की राशि से समाज के लोगों द्वारा जुटाये बर्तनों को चुरा लेने जाने का प्रकरण प्रागपुरा थाने में दर्ज करवाया गया लेकीन प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा इस घटनाक्रम का खुलासा आज तक नहीं हुआ। चोरी के मामले में पुलिस की निष्क्रियता से नाराज ग्रामीण बुधवार को प्रागपुरा थाने का घेराव कर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करने लगे तथा घटनाक्रम का खुलासा व दोषित लोगों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों में समिति अध्यक्ष हनुमान सारण के अनुसार, पिछली चोरी का खुलासा हुआ भी नहीं कि फिर से 09 मार्च को अज्ञात चोरों ने धर्मशाला का ताला तोड़कर समाज के सार्वजनिक बर्तन चुरा लिए। उन्होंने बताया कि चोरी में 11 पीतल की परात, 10 पीतल की कोठी, 02 पीतल के भगोने और 20 सिल्वर के भगोने सहित अन्य सामान गया। चोरी किए गए सामान की कीमत लगभग 03 लाख रुपए है। सरपंच रामकरण, संस्थापक पैप सिंह, रामवतार सिंह, कैलाश सिंह शेखावत और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है।

इससे पहले 04 फरवरी को भी करीब 08 लाख रुपए के बर्तन चोरी हुए थे। दोनों मामलों में पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं धरने पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने भी सख्त लहजमें में पुलिस को हिदायत देते हुए जल्द से जल्द इस मामले में खुलासे की मांग की। आक्रोशित ग्रामीणों के विरोध के बाद एसपी वैभव शर्मा, डीवाईएसपी शिप्रा राजावत भी पुलिस थाने में धरने प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंचे और धरनार्थियों से समझाइस का प्रयास किया। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने बताया कि ग्रामीणों से हुई वार्ता व पुलिस के अनुसंधान के बारे में ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद धरना समाप्त कर दिया।

Holi Holi Holi

## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BHUWALA PS DHOD

No:-248 Date-12.03.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for HIGH MASK LIGHT NIRMAN KARY MUKHYA CHOWK KE PASSGRAM V GRAM PANCHAYAT BHUWALA are invited from interested bidders up to 18:00 PM on 19.03.2025 are other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.

NIB:-PIR2425A0323

UBN:-PIR2425WSOB00322

SARPANCH G P BHUWALA | VDO G P BHUWALA








# प्रागपुरा थाने में सीएलजी की बैठक सद्भावना के साथ त्यौहार मनाने का आह्वान

## एएसपी बोले : शांति व सद्भाव के साथ त्यौहार मनायें

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** आगामी होली, धूलण्डी व ईद के पर्वो को मध्य नजर रखते हुये प्रागपुरा पुलिस थाने पर सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षक दल, पुलिस मित्र व महिला सुरक्षा सखी की बैठक का आयोजन एएसपी वैभव शर्मा की अध्यक्षता व डीएसपी शिप्रा राजावत एवं प्रागपुरा थाने के कार्यवाहक सीओं किरण सिंह यादव की मौजूदगी में हुआ। बैठक में एएसपी शर्मा ने क्षेत्र में आमजन से आपसी सद्भावना, हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ होली, धूलण्डी व ईद पर्व मनाने की अपील की। साथ ही त्यौहार के मौसम में सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने त्यौहारों को मध्यनजर रखते हुए कानून व्यवस्था को लेकर भी चर्चा करते हुए अतिरिक्त जाब्ता लगाने की बात कही। साथ ही महिला सुरक्षा को लेकर स्कूल - कॉलेज व ग्रामीण क्षेत्र में मिटिंग का आयोजन कर महिलाओं को मोबाइल में राज सीटीजन एप्प डाउन लोड करवाने के लिए जागरूक किया। डीएसपी शिप्रा राजावत ने कहा कि किसी भी प्रकार के अराजक व असामाजिक तत्वों की जानकारी मिले को तुरन्त पुलिस को सूचना दें। प्रागपुरा सदर आमीन मंसूरी ने बताया यहां किसी भी प्रकार का विवाद नहीं है, यहाँ शांति एवं सद्भावना से ही पर्व मनाये जाते है।

सीएलजी सदस्यों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदातों को लेकर पावटा कस्बे में लगे कमरे जिनकी पुलिस थाने से कनेक्टवीटी जुड़ी है, उन्हें शिघ्र चालू करवाने का निवेदन किया, तो एएसपी शर्मा ने खराब कैमरों की रिपयरिंग करवाने व जल्द सभी कैमरे चालू करवाने का आश्वासन दिया। सीओं किरण सिंह ने सीएलजी सदस्यों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेते हुए एक-दूसरे का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान पावटा सदर मोहम्मद याशिन, बजरंग लाल, अमन कुमार, ईस्लामुद्दीन लुहार, मल्लू तेली, पूनम कंवर, गायत्री देवी, रेखा देवी, रेखा जांगिड़, मंजू शर्मा, मुकेश देवी, संतरा शर्मा, सुशिला स्वामी, बबिता धानका, नीरज सैन, राजकुमार सैनी, महेन्द्र जाट समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जयपुर में राज्यपाल और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में गोधन को किया जाएगा प्रमोट

## 26 मार्च से राष्ट्रीय किसान व गो पालक सम्मेलन में देश के साथ विदेशों से आएंगे गो धन रक्षक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में गो धन को नष्ट या बेकार न करके उसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए काम चल रहे हैं। इस अभियान को आने वाली 26 मार्च से देश के नाम लोग आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए 3 राज्यों के राज्यपाल सहित प्रदेश के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि एक मंच पर आएंगे और गो धन का मूल्य दुनिया को पता चलेगा। ये महाअभियान हांलाकि पहले से चल रहा है, लेकिन अब इसे देश भर के साथ विदेशों तक पहचान मिलेगी। इसके लिए कुछ प्रतिनिधि विदेश से भी जयपुर इसी महीने आएंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के संकल्प के तहत देश भर में गो आधारित प्राकृतिक कृषि और जैविक कृषि से किसानों की आय दोगुना करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जनवरी में ही नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत एक राष्ट्रव्यापी पहल के रूप में हुई है, जो न केवल किसानों के लिए लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण, जल, भूमि और गो पालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में जैविक और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना है और इस दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी को लेकिर 26 मार्च से जयपुर में एक विशाल एग्री किसान मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें पूरे देश से जनप्रतिनिधियों के साथ गो विशेषज्ञ भी शामिल होंगे।



**जैविक कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण पहल :** गोरतलब है कि दो दशक से भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ, अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद, लोक आरती (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) और हेनिमन चेरिटेबल मिशन सोसायटी जैविक कृषि और गो आधारित प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। संगठनों ने देशभर के गांवों और ढाणियों में गो आधारित कृषि, देशी गायों के संरक्षण और उनके गोबर से उत्पादों के निर्माण की दिशा में कई कदम उठाए। इन प्रयासों से देशी गोवंश की स्थिति में सुधार आया है और जैविक खेती को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बढ़ावा मिल रहा है।

**ये होगी एक ऐतिहासिक कदम :** 26 से 28 मार्च तक तीन दिवसीय एग्री किसान मेला का आयोजन किया जाएगा। विशाल सम्मेलन और सम्मान समारोह के रूप में गो आधारित प्राकृतिक कृषि, जैविक कृषि, गौपालकों, किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों को ऊर्जा और प्रेरणा देने का उद्देश्य है। आयोजन श्रीदत्तशरणानंद महाराज और स्वामी गोविन्द देव गिरी महाराज की प्रेरणा से किया जाएगा, जिसका उद्देश्य किसानों और गोपालकों को प्रोत्साहित करना है। ताकि वे प्राकृतिक और जैविक कृषि को अपनाएं। कार्यक्रम में गो आधारित प्राकृतिक खेती, एग्री स्टार्टअप्स, गौपालक, गौशालाओं और फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन्स के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाया जाएगा। इसमें महिला स्वयं सहायता समूहों को शामिल किया जाएगा, ताकि वे कृषि क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में राजस्थान व केंद्र सरकार, सामाजिक संगठनों और किसान संगठनों का योगदान होगा।

संगठनों और सरकारों को सम्मेलन में शामिल कर शहरी जनता और कृषक समुदाय को गो आधारित प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक करने का प्रयास होगा। सम्मेलन किसानों को प्रोत्साहित करने का अनूठा मंच होगा, जहां उन्हें प्राकृतिक खेती की तकनीकों और उनके लाभ के बारे में जानकारी मिलेगी।

# जाट समाज चौरासी की ओर से होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** जाट समाज चौरासी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जाट समाज चौरासी महामंत्री देवीसिंह सोलंकी व मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि समस्त जाट समाज चौरासी कि ओर से जाट छात्रावास हिण्डौनसिटी में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी ने की। समारोह में गायक कलाकार मान सिंह डागुर पोछडी , देवीसिंह सोलंकी शेखपुर, कप्तान सिंह तोमर पीपलहेडा द्वारा होली के फाग गायन कर सभी पधारी हुई सरदारी को मत्र मुग्ध किया एवं इस फाग उत्सव में एसी मोहन सिंह चौधरी डफलपुर, ट्राफिक इंचार्ज हिण्डौनसिटी पुरूषोत्तम चौधरी खेडला, निर्मल कालेज संचालक मनीष चौधरी



हिण्डौनसिटी, वैध रोशन सिंह डागुर हुक्मीखेडा, डा बच्चूसिंह चौधरी जमालपुर आदि अतिथि मौजूद रहे। उपस्थित सभी सरदारी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों से प्रेम से होली खेली एवं परस्पर हिलमिलकर प्रेम स्नेह से रहने का जाट समाज द्वारा संदेश दिया गया।

# अस्पताल ठेका कर्मियों को 14 माह से नहीं मिला समय पर वेतन, कार्य बहिष्कार की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सवाई मानसिंह (एसएमएस) मेडिकल कॉलेज और अन्य अस्पतालों में ठेका कर्मचारियों को पिछले 14 माह से नियमित वेतन नहीं मिला है, जिससे उनका जीवनयापन कठिन हो गया है। कर्मचारियों ने इस लापरवाही के खिलाफ अस्पताल प्रशासन और सिक्योर गार्ड सिक्योरिटी एंड मैनपावर सर्विसेज, चंडीगढ़ के खिलाफ कड़ा विरोध जताया है।

**प्रशासन और ठेका फर्म की मिलीभगत का आरोप :** शिकायत में बताया गया कि ठेका फर्म के संचालक का दावा है कि पैसे में इतनी ताकत है कि सब बिकता है। ना तो पेनल्टी लगेगी, ना कोई कार्रवाई होगी। इस रवैये के चलते कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है और ईएसआई और पीएफ भी समय पर जमा नहीं किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।


**त्योहार से पहले वेतन भुगतान की मांग :** श्रमिक संगठनों ने मांग की है कि होली के त्योहार को देखते हुए कर्मचारियों को तुरंत वेतन दिया जाए और ठेका फर्म पर 8त्न प्रतिदिन की पेनल्टी लगाई जाए।

**कार्य बहिष्कार की चेतावनी :** यदि वेतन जल्द नहीं मिला तो कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन और राज्य सरकार की होगी।

**शिकायतकर्ताओं में शामिल प्रमुख लोग :** शिकायतकर्ताओं में गोविंद (जयपुरिया अस्पताल), धर्मेंद्र सिंह (जनाना अस्पताल), शाकिर अली (मनोचिकित्सालय सेठी), सूरज प्रकाश शर्मा (जे.के. लोन अस्पताल), रवींद्र सैन (एसएमएस मेडिकल कॉलेज) समेत अन्य कई कर्मचारी शामिल हैं।

**प्रशासन तक पहुंची शिकायत :** शिकायत की प्रतिलिपि मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं शिक्षा सचिव, चिकित्सा अधीक्षक एवं स्वास्थ्य मंत्री को भी भेजी गई है।






# लायंस क्लब कोटा का नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 17 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लायंस क्लब कोटा की ओर से सोमवार, 17 मार्च को नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया कि झालावाड़ रोड स्थित लायंस क्लब भवन में यह शिविर लगेगा।इसमें सुबह 10 बजे से 1 बजे तक नेत्र रोगियों की जांच कर भर्ती की जाएगी। सचिव विरेन्द्र विजय ने बताया कि अगले दिन 18 मार्च को लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन होंगे। नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में जिला अंधता निवारण समिति कोटा का भी सहयोग रहेगा। शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि शिविर में सभी मरीजों को आवास, भोजन, दवाइयां, लेंस व चश्मे की व्यवस्था क्लब की ओर से की जाएगी। शिविर में आने वाले नेत्र चिकित्सा रोगी को आधार कार्ड, राशन कार्ड या वोटर आईडी कार्ड की जेरोक्स कॉपी व दो फोटो साथ लाने होंगे।

























# गैर चुनाव अवधि में भी भ्रामक व संवेदनशील खबरों पर बारीकी से रखे नजर मीडिया : शुभम



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समिति के संचालन के संबंध में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मीडिया जनमानस तक सूचना या बात पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है किंतु भ्रामक या फेक खबरों से इसका दुरुपयोग भी आसान है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग व राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गैर चुनाव अवधि में भी जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग व क्रियान्वयन समिति का सतत रूप से सक्रिय रहना अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित संवेदनशील न्यूज़ व फेक न्यूज़ की जिला स्तर पर मॉनिटरिंग करने के लिए जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि जिले में प्रकाशित या प्रचारित चुनाव संबंधी संवेदनशील व भ्रामक समाचारों का संज्ञान में आते ही त्वरित रूप से जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करें जिससे कि फेक न्यूज़ का फैक्ट चेक तैयार कर प्रसारित व प्रचारित करवाया जा सके ताकि आमजन को किसी प्रकार की गलत न्यूज़ प्राप्त नहीं हो। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समिति के सदस्यो को निर्देशित करते हुए कहा कि गैर चुनाव अवधि में भी संवेदनशील/भ्रामक समाचार फेक न्यूज़ की मॉनिटरिंग कर भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाईन की पालना सुनिश्चित की जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय शर्मा, उपखंड अधिकारी अनूप सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग पंकज मीणा, सदस्य सचिव सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केन्द्रीय संचार ब्यूरो नेमीचंद, सहायक प्राशासनिक अधिकारी चुनाव शाखा हनुमान जैन मौजूद रहे।

# पर्स लौटकर कैंटर के ड्राइवर ने दिया ईमानदारी का परिचय, 80 हजार रुपए वापिस लौटाए

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** ऐसा नहीं कि अब ईमानदारी जिंदा नहीं है, आज भी ऐसे लोग मौजूद हैं जो दूसरे के एक पैसे से अपना जमीर खराब नहीं करते हैं! जी हां बुधवार को ऐसा ही कुछ उदाहरण रणथंभौर सफारी के दौरान देखने को मिला! हुआ यूं कि रणथंभौर सफारी के जोन दस में सफारी करने गए यूएसए के ग्रुप और ग्रुप लीडर लक्ष्मण सिंह का सफारी पूर्ण होने के बाद कैंटर के अपना बैग कैंटर नंबर RJ 25 PA 2121 में छोड़ गए, जिसमें लगभग 80 हजार रुपए, पासपोर्ट और महत्वपूर्ण कागजात थे, जिसको इमानदारी का परिचय देते हुए कैंटर के ड्राइवर जुनेद आलनपुर ने ड्राइवर यूनियन कार्यालय पर बुलाकर सकुशल वापस लौटाया । इस ईमानदारी के परिचय पर यूनियन के लोगों एवं पर्स मालिक ने ड्राइवर का आभार जताया और धन्यवाद दिया ।

# विद्यार्थियों का कराया रणथम्भौर नेशनल पार्क का भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** अल्पसंख्यक विभाग द्वारा संचालित राजकीय अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय ठींगला सवाई माधोपुर एवं मदरसा अंजुमन इस्लामिया सवाई माधोपुर के विधार्थियों को पर्यावरण ज्ञान एवं वन्यजीवों के प्रति जागरूकता उपलब्ध करवाने के लिए रणथम्भौर रक्षक कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को रणथम्भौर नेशनल पार्क का शैक्षिक भ्रमण करवाया गया।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीना ने बताया कि विद्यार्थियों की वन विभाग द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करवाई गयी जिसमें विद्यार्थियों ने प्राकृतिक दृश्यों, पशु पक्षियों, पेड़ पौधों के चित्रों का अंकन किया। रणथम्भौर नेशनल पार्क में विधार्थी बाघिन एरोहेड व उसके शावकों को शिकार करते देख रोमांचित हो गए। नेशनल पार्क के सुनहरे दृश्यों पहाड़, तालाब, घाटियों, पक्षियों, चीतल, तेंदुआ हिरन आदि वन्य जीवों को स्वच्छन्द विचरण करते देख बच्चे अभिभूत हो गये।

आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य जुबेर अहमद एवं मदरसे के नोडल शिक्षा अनुदेशक ने बताया कि विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं वृक्ष बचाव का संदेश दिया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने गौतम किया जिला कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने बुधवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का साप्ताहिक निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही सचिव गौतम ने बैरकों, कारागृह परिसर, भंडारगृह की साफ-सफाई तथा भंडारगृह में बंदियों के लिए खाद्य सामग्रियों की उपलब्धता आदि के संबंध में जांच की। दौराने निरीक्षण कारागृह परिसर एवं भंडारगृह में साफ-सफाई का अभाव पाया गया, इस संबंध में सचिव गौतम द्वारा जेलर महावीर प्रसाद मीना को कारागृह परिसर एवं भंडारगृह में साफ-सफाई रखने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित बंदीजन से परिजनों से मिलने के समय, जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं, कानूनी प्रतिनिधित्व हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, उनके संबंधित मुकदमों की ताजा अपडेट आदि के बारे में पूछताछ की गई, साथ ही उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान कारागृह में 64 बंदी उपस्थित पाये गए एवं एक बन्दी का पेशी पर जाना जाहिर किया गया ।















## कठपुतली नगर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, 310 रोगी लाभांवित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( बाबू अंसारी )।** ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में विकास समिति, स्टेप ज्ञान बॉर्डर्स असमिक फाउंडर तथा यूएसए इंटरनेशनल मेडिकल रिलीफ सोसायटी द्वारा बुधवार को यहां मेडिकल जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगों की निःशुल्क विभिन्न जांचें, चैकअप कर उन्हें सभी दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस सेवा कार्य में बस्ती के सभी लोगों ने सहयोग किया। शिविर से करीब 310 लोग लाभांवित हुए। कठपुतली नगर कच्ची बस्ती विकास समिति के अध्यक्ष डॉ.ओपी टांक, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, महामंत्री गजानंद खींची, पार्षद प्रत्याशी रहे हेमराज खींची, करणी सेना के युवा अध्यक्ष उदय बना, समाज सेवी इकरार भाई, वाहिद भाई आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहकर कैंप को सफल बनाया एवं अपना सहयोग दिया। डॉ. टांक के अनुसार शिविर में लोगों की नैत्र जांच कर उन्हें निःशुल्क चश्में भी वितरित किए गए।

### मानव सेवा सर्वोपरि : डॉ. टांक

वरिष्ठ समाजसेवी एवं कठपुतली नगर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक ने कहा कि दीन, दुखी एवं जरुरतमंद की समय पर सहायता करनी चाहिए यह पुण्य कार्य है। हमें मानवीय सेवा के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें सर्वोपरि समझना चाहिए। ऐसे कार्य करने से जहां इंसान को स्वयं को सुख का अनुभव होता है, वहीं ईश्वरीय कृपा दृष्टि भी उस शख्स पर होती है।

## बेंकिंग सेवाओं की जिला स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित

### सभी बेंकों की प्राथमिक सेक्टर के लक्ष्यों के मुकाबले हुई उपलब्धियों की जानकारी दी गई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बेंकिंग सेवाओं की जिला स्तरीय त्रेमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बेंकिंग क्षेत्र में सरकार की योजनाओं की प्रगति, ऋण वितरण और प्राथमिक सेक्टर के लक्ष्यों की समीक्षा की गई। लीड बेंक मैनेजर दिलीप कौर ने बैठक में सभी बेंकों की प्राथमिक सेक्टर के लक्ष्यों के मुकाबले हुई उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकांश बेंक अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं, परंतु कुछ बेंकों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। ऐसे में एडीएम सीलिंग ने सभी बेंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार की योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करें और प्रत्येक आवेदन को गम्भीरता से लें। उन्होंने कहा कि बेंक वित्तीय साक्षरता अभियान चलाएं। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों पर भी चर्चा की गई। एडीएम कृष्णा शुक्ला ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सरकारी योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों को लीड बेंक के जरिए अन्य बेंकों तक भेजना सुनिश्चित करें और समय-समय पर उनके फॉलोअप की व्यवस्था करें।













## बाल भारती पब्लिक स्कूल छावनी में रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नीमकाथाना।छावनी होली के त्योहार पर जगह–जगह रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम किए जाते हैं।छावनी में स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में भी बुधवार को होली के पर्व को लेकर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम किया गया, होली के पूर्व को लेकर छात्रों द्वारा संगीत नृत्य सहित अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।स्कूल के निर्देश ने जानकारी देते हुए बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने अनेक तरह के चित्र बनाकर उनमें विभिन्न प्रकार के रंगों से सजाया गया जो एक मनमोहक लग रहा था। स्कूल के निदेशक कैलाश सैनी ने होली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को इस पर्व की मूल भावनाओं से परिचित करवाया।वहीं प्रिंसिपल मधु सुईवाल ने कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते हुए छात्रों को एकता एवं प्रेम से रहने का संदेश दिया। इस हर्षोल्लास आयोजन ने छात्र और स्टाफ को रंगों के माध्यम से खुशियों को साझा करने का अवसर दिया जिससे पूरा परिसर में उल्लास का माहौल रहा।

# सेठ सेठानी के स्वांग ने लोगो को गुदगुदाया बाजार में बना होली उत्सव का माहौल मुनीम ने लोगो का बताया हिसाब किताब

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पहल सेवा संस्थान द्वारा निकल जाने वाले नानकशाही स्वांग की शुरुआत बुधवार को काशीराम चौराहे स्थित मंदिर पर सेठानी के गौरी पूजन से हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने झंडी दिखाकर स्वांग को रवाना किया अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने की। भाजपा अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा टीवी ओर इंटर नेट के युग में लोक कला और प्राचीन विरासत को संस्थान द्वारा जीवित रखा गया है इसके लिए सभी कलाकार और पदाधिकारी साधुवाद के पात्र है। इस अवसर पर समाजसेवी दिनेश भार्गव,पार्षद सतीश यादव,दीपक पंडित ,भाजयुमो महामंत्री भविक जोशी,ललित पंवार,नरेश धनावत अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संस्थान संयोजक मनोज चौहान व संरक्षक पार्षद सुनील चौधरी ने बताया स्वांग का शहर के विभिन्न मार्गों पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक अमित जोगी व विजय कोली ने बताया कृष्ण के रूप में पप्पू सक्सेना सखा रूप में विष्णु शर्मा रहे जो कि भजनों पर थिरकते रहे और गुलाल उड़ाकर फाल्गुन का अहसास कराया । सेठ की भूमिका में शंकर लाल सैनी और फक्कीर के रूप में ज्ञान गुप्ता के संवादों ने लोगो को गुदगुदाया मुनीम नरेश सैनी ने सेठ के कहने से लोगों का हिसाब ढूंढा और बकाया निकाला। सेठानी के रूप में कलाकार हरि प्रसाद ने बाजार में लोगो को इशारों में से रिझाया। संस्थान प्रवक्ता गर्व चौधरी ने बताया ये स्वांग 200वर्ष पुरानी परंपरा है रियासत काल में शहर में 10से अधिक स्वांग निकलते थे अब यह मात्र अकेला स्वांग बचा है जिसे पहल संस्थान द्वारा विगत 19सालों से निकाला जा रहा है । स्वांग में रजत ठाकुरिया, चतर सिंह गुर्जर,धीरज शर्माएविक्की सैनी,कुशल सैन,मोहन चौहान,प्रेम भारद्वाज, आशीष अरोड़ा,दीपक गुप्ता ,रवि यादव,गुलशन जायसवाल,प्रियांश अरोड़ा आदि का सहयोग रहा।













